Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-05-2006

Participants : Choudhary Shri Nikhil Kumar

>

Title : Need to broadcast DD-2, Metro channel in Katihar district, Bihar.

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार) : महोदय, बिहार राज्य के कटिहार जिला में पूर्व से ही दूरदर्शन का उच्च शक्ति प्रेाति केन्द्र अपनी पूरी क्षमता के साथ काग्ररत है। यहां उत्तरी बिहार का सबसे शक्तिशाली ट्रांसमीटर है जो पूरी तरह से नयी तकनीक पर आधारित है। विकास के इस दौड़ में यहां मेट्रो चैनल पर डी.डी-2 के कार्यक्रमों का प्रसारण करने की आवश्यकता है ताकि ज्ञान विज्ञान का संवर्धन एवं स्वरूप मनोरंजन का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। कटिहार उत्तर पूर्व बिहार का अति पिछड़ा इलाका है, जो कि गंगा, कौशी एवं महानंदा नदी से घिरा हुआ है। सीमांचल का यह इलाका बंग्लादेश एवं नेपाल के सीमाओं को भी स्पर्श करता है। सांस्कृतिक, सामाजिक, व्यावसायिक, भौगोलिक एवं मौलिक चीजों को ध्यान में रखकर स्टूडियो एवं पीजीएफ का निर्माण की आवश्यकता है ताकि क्षेत्रीय प्रसारण का पूरा लाभ सीमांचल से जुड़े इस क्षेत्र के लोगों को मिल सके। इससे विकास के कार्यक्रमों से जोड़कर इस क्षेत्र को राज्य एवं देश के नव निर्माण में अपना महत्वपूर्ण स्थान मिल सकेगा।